छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

मई - जून 2022 | वर्ष-19 | अंक - 03



खदान का विहंगम दृश्य

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

मई - जून 2022 | वर्ष-19 | अंक - 03

## संरक्षक



**श्री अंकित आनंद (IAS)**
अध्यक्ष



**श्री एन. के. बिजौरा**
प्रबंध निदेशक
(जनरेशन)



**श्री राजेश वर्मा**
प्रबंध निदेशक
(ट्रेडिंग)



**श्रीमती उज्जवला बघेल**
प्रबंध निदेशक
(होल्डिंग व ट्रांसमिशन)



**श्री मनोज खरे**
प्रबंध निदेशक
(डिस्ट्रीब्यूशन)

**संपादक**

**गोविंद पटेल**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

सह संपादक : अनामिका मण्डावी

छाया : संजय टेम्बे, सहयोग : प्रसन्न दुबे

▪ फोन: 0771-2574702 ▪ E-mail: procsphcl@gmail.com



# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवम्बर 2000 | मई 2022 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2840 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138 70 मेगावॉट |
| कुल ताप , जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2978 70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | ....... | 1618 70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेन्द्रों की संख्या | 27 नग | 127 नग |
| अति उच्चदाब उपकेन्द्र | 5205 सर्किट कि मी | 13566 सर्किट कि मी |
| 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों की संख्या | 248 नग | 1333 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि मी | 23801 सर्किट कि मी |
| 11/04 केव्ही उपकेन्द्र की संख्या | 29692 सर्किट कि मी | 204982 नग |
| 11 केव्ही लाईनों की लम्बाई | 40556 कि .मी | 126507 कि .मी |
| निम्नदाब लाइनों की लम्बाई | 51314 कि .मी | 217438 कि .मी |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 39668 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या (प्रावधिक) | 73369 | 494479 |
| एकलबत्ती कनेशन की संख्या(प्रावधिक) | 630389 | 1695428 |



# हर स्थिति में सुनिश्चित की जाए निर्बाध विद्युत आपूर्ति : श्री अंकित आनंद




जशपुर तथा कोरिया जिले में विद्युत व्यवस्था को लेकर अध्यक्ष श्री आनंद ने ली समीक्षा बैठक

पॉवर कंपनी के अध्यक्ष एवं ऊर्जा विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति करना स्टेट पॉवर कंपनी का पहला दायित्व है। प्रदेश के सभी प्रकार के उपभोक्ताओं तक बिजली आवश्यकता अनुसार निर्बाध पहुँचे इसके लिए आवश्यक है कि कंपनी का मैदानी अमला पूरी जिम्मेदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करे। श्री आनंद जशपुर एवं कोरिया जिला मुख्यालय में आयोजित अलग-अलग बैठकों में पॉवर कंपनी के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। विगत 20 मई को जशपुर एवं (बैकुंठपुर) कोरिया जिला मुख्यालय में उन्होंने कंपनी के उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलों के कलेक्टोरेट सभाकक्षों में आयोजित बैठकों में पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे, जशपुर कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल, कोरिया कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा एवं पॉवर कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर, अंबिकापुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री संजीव वर्मा समेत अन्य मैदानी अधिकारी मौजूद थे। बैठक में अध्यक्ष श्री आनंद ने जिलों में विद्युत आपूर्ति में आने वाली समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए मिल रही शिकायतों के जल्द समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सहूलियत का पूरा ख्याल रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर स्थिति में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। इससे किसानों एवं घरेलू उपभोक्ताओं को लोड शेडिंग की समस्या से निजात मिले।

श्री आनंद ने बिजली बिल संबंधी समस्याओं के शत प्रतिशत निराकरण के लिए पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों के हर घर में जाकर मीटर रीडिंग सुनिश्चित करने के लिए पंचायत स्तर पर रीडर की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण जल्द से जल्द दिए जाए।अध्यक्ष श्री अंकित आनंद ने सभी सहायक अभियंता एवं उप अभियंताओं को अपने-अपने डिविजन में पंचायत स्तर पर सरपंच, सचिव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय संस्थानों के कर्मचारियों का वाट्सअप ग्रुप तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाली बिजली समस्याओं की जानकारी अविलंब प्राप्त हो सकेगी साथ ही समस्याओं के निराकरण की भी जानकारी लोगों को प्रदान की जा सकेगी।

## नए ट्रांसफार्मर से 220 गांवों में दूर हुई लो वोल्टेज की समस्या

गरियाबंद के 132 केवी उपकेंद्र में 40 एमवीए (मेगावोल्ट एंपीयर) के नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की एक माह के भीतर स्थापना के साथ ही 220 गाँवों के 60 हजार लोगों को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति होने लगी है। 25 मई को बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने विद्युत कर्मियों को बधाई दी है। गरियाबंद के 132 केवी उपकेंद्र में पहले 40 एमवीए का



एक ही ट्रांसफार्मर था। क्षेत्र में गर्मी एवं अन्य आवश्यकताओं के कारण विद्युत लोड बढ़ने से लो-वोल्टेज की समस्या आ रही थी, जिसे दूर करने ट्रांसमिशन कंपनी ने 40 एमवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित करने का निर्णय लिया। कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे ने बताया कि लगभग 4 करोड़ की लागत से स्थापित ट्रांसफार्मर को 25 मई 2022 को अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम ने ऊर्जीकृत किया। अब इस उपकेंद्र की क्षमता 40 से बढ़कर 80 एमवीए हो गई, जिससे गरियाबंद, मैनपुर, पांडुका, छुरा व देवभोग के 220 गांवों में गुणवत्तापूर्ण मुख्य अभियंता श्री डीके चावड़ा, अधीक्षण अभियंता सर्व श्री आरके तिवारी, पीपी सिंह, पीएल सिदार, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री यूके यादव, प्रशांत साहू, केपी वाइका, सुश्री इंदु ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पॉवर कंपनी के गारे पेलमा कोयला खदान को मिले सात पुरस्कार

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के गारे पेलमा-III कोयला खदान को वर्ष 2021 के लिए  चार पुरस्कार एवं वर्ष 2020 तीन पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इस तरह कुल सात पुरस्कार प्राप्त हुए। यह पुरस्कार स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, शून्य दुर्घटना, श्रमिक कल्याण गतिविधियों तथा धूल नियंत्रण जैसे कार्यों के लिए मिला है। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन खान सुरक्षा महानिदेशालय व्दारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि के लिए पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने जनरेशन कंपनी की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी कोल ब्लाक की वार्षिक समीक्षा के उपरान्त यह पुरस्कार अलग-अलग श्रेणियों में प्रदान किये जाते हैं। जिनमें से वर्ष 2021 के लिये चार समूहों में पॉवर कंपनी के गारे पेलमा-3 खदान को चुना गया। खुली खदान (ओपन कास्ट) की श्रेणी में दुर्घटना शून्य के लिए ओवरआल प्रथम पुरस्कार मिला है। डस्ट सुपरविजन (धूल नियंत्रण) के लिए भी इस खदान को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके साथ ही डंप रिक्लिमिनेशन के लिए भी गारे पेलमा-3 को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। श्रमिकों के कल्याण के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी मामलों में इस खदान को व्दितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार खान सुरक्षा निदेशालय एवं साऊथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड व निजी क्षेत्र के कोयला संस्थानों व्दारा कोरबा में आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा में



प्रदान किया गया। खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद (झारखंड) के महानिदेशक श्री प्रभात कुमार एवं एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेमसागर मिश्रा ने यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री देवेंद्र नाथ को प्रदान किया। इस समारोह में वर्ष 2020 के लिए घोषित पुरस्कारों के लिए भी ट्राफी प्रदान की गई। जिसमें जनरेशन कंपनी को तीन पुरस्कार प्राप्त हुए। संचालन एवं संधारण के लिए व्दितीय पुरस्कार, वोकेशनल ट्रेनिंग के लिए व्दितीय पुरस्कार तथा ओवर आल श्रेणी में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। एमडी श्री एनके बिजौरा सहित अधिकारियों ने इस पुरस्कार को चेयरमेन श्री अंकित आनंद को भेंट किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (परियोजना-1) श्री एमआर बागड़े, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री देवेंद्र नाथ, माइनिंग मैनेजर श्री आर सत्यनारायण शामिल थे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी को गारे पेलमा कोयला खदान आबंटित किया गया है, जहां 2019-20 से ओपन कास्ट माइनिंग किया जा रहा है। यहां से जनरेशन कंपनी के मड़वा स्थित 500 मेगावाट के दो संयंत्र (1000 मेगावाट) को कोल आपूर्ति की जाती है। जनरेशन कंपनी के अधिकारियों के सुपरविजन में जीपी III सी एल (गारे पेलमा III कंपनी लिमिटेड) द्वारा गारे पेलमा सेक्टर –III से कोयला उत्खनन एवं मड़वा विद्युत संयंत्र तक परिवहन का कार्य किया जा रहा है



# कार्यपालक निदेशक श्री लहरी एवं श्री टिकरिया की भावभीनी विदाई





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी से सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक द्वय सर्वश्री राजू लहरी एवं आर.के. टिकरिया को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशकगण श्री एन.के. बिजौरा, श्रीमती उज्ज्वला बघेल, श्री राजेश वर्मा एवं श्री मनोज खरे ने उन्हें प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत्त अभियंताओं की सेवाओं को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पॉवर कंपनी में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों के बूते छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली वाले राज्य के रूप में जाना जाता है। भविष्य में भी पॉवर कंपनी ऐसे अनुभवी अभियंताओं के बदौलत उपलब्धियां हासिल करती रहेगी। इस अवसर पर उपस्थित एवं अन्य उच्चाधिकारियों ने सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशकों को मंगलकामनाओं की अभिव्यक्ति दी।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक सर्वश्री लहरे एवं टिकरिया ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

# मुख्यमंत्री से नवनियुक्त एमडी श्री मनोज खरे ने की सौजन्य भेंट



श्री मनोज खरे ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक का पदभार 13 मई को ग्रहण किया। इसके पश्चात् श्री खरे ने माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य मुलाकात की।

छत्तीसगढ़ शासन के आदेश अनुसार दिनांक 13 मई 2022 को श्री मनोज खरे छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के नए प्रबंध निदेशक नियुक्त किये गये। इसके पूर्व श्री खरे छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के पद पर कार्यरत थे। श्री खरे ने राज्य शासन के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर उन्होंने सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

श्री खरे का नाम म. प्र. विद्युत मंडल के समय से अग्रणी और ज्ञानसंपन्न अभियंताओं में शुमार होता रहा है। श्री खरे ने मध्यप्रदेश के शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय रीवा से बीई की डिग्री अर्जित की है। 1983 से मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में विभिन्न पदों पर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वे विधि स्नातक भी हैं।

देश के विद्युत क्षेत्र के बारे में गहरा ज्ञान रखने वाले श्री मनोज खरे को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में टेंडर प्रक्रिया और पॉवर सेक्टर से जुड़े कानूनों का जानकार माना जाता है।

---

# सेवानिवृत्त हुए प्रबंध निदेशकों को भावभीनी विदाई




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के शहरी-ग्रामीण क्षेत्र रायपुर के अभियंताओं ने विदाई-सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि पॉवर कंपनीज के चेयरमेन श्री अंकित आनंद रहे। इसमें सेवानिवृत्त प्रबंध निदेशकगण श्री एस.डी. तेलंग एवं श्री हर्ष गौतम को भावभीनी विदाई दी गई तथा प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्वला बघेल (ट्रांसमिशन) एवं प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) श्री मनोज खरे का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्तजनों को शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित पॉवर कंपनी के प्रबंधक निदेशकगण श्री एन.के. बिजौरा एवं श्री राजेश वर्मा का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया।

समारोह में चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने कहा कि अनुभवी अभियंताओं की सेवाओं से प्रदेश के विद्युत विकास को गति प्राप्त हुई है। दक्ष-कुशल अभियंताओं की टीम के बूते छत्तीसगढ़ की विद्युत प्रणाली को सुदृढ़ करने में कामयाबी मिली है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दीर्घ अनुभवी अभियंताओं की कार्यशैली का अनुकरण करते हुए नवपदस्थ एमडी कंपनी को सतत् आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। सेवानिवृत्त प्रबंध निदेशकों ने अपनी सेवायात्रा में चेयरमेन श्री आंनद से मिले मार्गदर्शन एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

रायपुर (शहर) के कार्यपालक निदेशक श्री जे.एस. नेताम एवं रायपुर ( ग्रामीण ) के मुख्य अभियंता श्री राजेन्द्र प्रसाद ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने सेवानिवृत्तजनों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में रायपुर सिटी सर्किल के अधीक्षण अभियंता श्री मनोज वर्मा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# ब्लैक आऊट होने पर 38 मिनट में चालू हो सकेंगे बिजलीघर

- रायपुर के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर से कराया गया ब्लैक स्टार्ट माकड्रिल
- कोरबा के बिजलीघरों को पुनर्संचालित करने बांगो से भेजा गया पॉवर

प्रदेश देश में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुनर्संचालित करने हेतु हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्ट अप पॉवर सप्लाई करने संबंधी एक मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) छत्तीसगढ़ स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि आपात स्थिति में पॉवर प्लांट के ब्लैक आऊट होने पर कोरबा पश्चिम के बिजली संयंत्रों को शुरू करने हेतु लगभग 38 मिनट में जल विद्युत संयंत्रों से बिजली पहुंचाई जा सके। गौरतलब है कि अचानक ब्लैक आऊट होने की स्थिति में पावर प्लांटों को फिर से स्टार्ट करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयंत्रों से ही हो सकती है। दिनांक 29 जून 2022 को यह मॉक ड्रिल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं उत्पादन कम्पनी के प्रबंध निदेशक क्रमशः श्रीमती उज्जवला बघेल तथा श्री एन0 के बिजौरा की उपस्थिति एवं कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।


छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के डगनिया स्थिति लोड डिस्पैच सेंटर में संपादित इस ''ब्लेक स्टार्ट मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) की मानीटरिंग मुंबई स्थित वेस्टर्न रीजनल लोड डिस्पैच सेंटर के एक्सपर्ट इंजीनियर स्काडा सिस्टम से कर रहे थे। इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और स्टेट ग्रिड कोड के प्रावधानों के अनुसार साल में दो बार इस तरह का मॉकड्रिल करना होता है। इस दौरान डंगनिया स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर में कार्यपालक निदेशक सर्व श्री के0 एस0 मनोठिया, पी0सी0 पारधी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती शारदा सोनवानी, श्री आर0सी0 अग्रवाल, श्री आर0 अरविंद, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री संजय चैधरी, जी0 के0 मण्डावी, मनोज राय, एम0एस0 सिंह, अनिल अग्रवाल कार्यपालन अभियंता सर्वश्री अर्जुन प्रसाद, जी0पी0सिंह, एस0 सूर्यप्रकाश, नमिता विभा लकरा, सहायक अभियंता श्री केतन मिश्रा, सुश्री रेशमा सेतपाल, जुवेना गोम्स। उत्पादन संकाय से कार्यपालन अभियंता श्रीमती अमिता बारा, चन्द्रप्रभा ठाकुर, अवनीश जोशी, देवेन्द्र खिलवार, हितेन्द्र मार्कन्डे, सहायक अभियन्ता एस0सी0 भट्ट, सविता चक्रवर्ती, संध्यादेवागंन आदि उपस्थित थे।

राज्य भार प्रेषण केन्द्र के नियंत्रण कक्ष में ड्युटी पर उपस्थित कार्यपालन अभियंता श्री मनोज रावटे एवं सहायक अभियंता श्रीमती प्रीति गुप्ता की मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।इसी तरह बांगो जल विद्युत संयंत्र के अधीक्षण अभियंता श्री पी0के0 पंड्या एवं उनकी टीम, विद्युत गृह कोरबा पूर्व में श्री ए0एस0मरावी एवं उनकी टीम, कोरबा पश्चिम में श्री व्ही0के0 पांडे एवं उनकी टीम, पारेषण संकाय से कोरबा पूर्व, जमनीपाली, छुरीखुर्द एवं खरमोरा विद्युत उपकेन्द्रों से श्री डी0एस0 पटेल, अधीक्षण अभियंता एवं उनकी टीम, वितरण संकाय से श्री एस0के0 चक्रवर्ती अधीक्षण अभियंता कोरबा एवं उनकी टीम का कोरबा पूर्व, जमनीपाली एवं छुरीखुर्द तथा संचार एवं टेलीमीटरी संकाय से श्रीमती अजय कंवर कार्यपालन यंत्री, श्री उरांव एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका इस मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में रही है।

ऐसे पूरी हुई माकड्रिल की प्रक्रिया- माक ड्रिल के दौरान सर्वप्रथम बांगो जल विद्युत गृह, छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व के उपकेन्द्रों से फीड होने वाले क्षेत्रों को मिलाकर एक आईलैण्ड सब-सिस्टम बनाया गया। इसके पश्चात् इस आईलैण्ड सब-सिस्टम में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित की गई। इस तरह एक बनावटी बिजली संकट छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा क्षेत्र में निर्मित किया गया। इसके पश्चात् इंजीनियरों की टीम ने युद्धस्तर पर बिजली संकट क्षेत्र में बिजली बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ की। इसके लिये बांगो में उपलब्ध डीजल जनरेटर सेट से बंद जल विद्युत इकाई क्रमांक-3 को सर्विस में लेकर बांगो उपकेन्द्र के बस को चार्ज किया गया



# बेहतर तालमेल से रिकार्ड समय में खड़ा हुआ 90 फीट का नया टॉवर








पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने बिलासपुर के कानन पेंडारी में तूफान से गिरे 90 फीट ऊंचे ईएचटी (अतिउच्चदाब) टॉवर को रिकार्ड समय में ही खड़ा कर एक नई कामयाबी हासिल की गई। सामान्य तौर पर टॉवरों को खड़ा करने में दो से तीन दिन का समय लगता है। पॉवर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों–कर्मचारियों ने बेहतर तालमेल से युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए यह उपलब्धि हासिल की । 14 मई को आए आँधी तूफान से 70 गांवों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई थी जिसे 24 घंटे के अंदर बहाल कर लिया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने इस उपलब्धि के लिये दोनों कंपनी के कर्मियों को बधाई दी ।

कानन पेंडारी इलाके में आंधी से 132 केवी का टॉवर गिर जाने के बाद प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल एवं प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे मौके पर मौजूद अधिकारियों के लगातार संपर्क में रहे। चार टन वजन का नया टॉवर खड़ा करने के लिये भिलाई से गाड़ी रवाना की गई।

भीषण गर्मी में 90 फीट ऊंचाई तक लोहे के एंगल को खड़ा करना अत्यंत कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्य था। जिसे बिजलीकर्मियों ने 24 घंटे के भीतर खड़ा करके नया रिकार्ड कायम किया है। इस कार्य में डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन कंपनी के 125 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी लगातार जुटे रहे। बिलासपुर रीजन के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल मौके पर अधिकारियों के साथ जुटे रहे। श्री पटेल ने बताया कि सबसे पहले वैकल्पिक व्यवस्था करके 70 गांवों में दोपहर एक बजे तक विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी गई थी। लोरमी के कबराटोला और तिफरा स्थित 132 केवी उपकेंद्र से प्रभावित 33 केवी के 11 उपकेंद्रों तक बिजली पहुंचाई गई।

इस कार्य में अधीक्षण अभियंता सर्वश्री राजेंद्र अग्रवाल, सतीश दुबे, यतेंद्र मनहर, वीरेंद्र दीक्षित, पीपी सिंह भिलाई, कार्यपालन अभियंता नागेश्वर त्रिपाठी, पीपी गढ़ेवाल, गणेश जायसवाल, मिथलेश दुबे, अमर चौधरी के साथ पूरी टीम ने अपनी जीवटता का परिचय दिया।

---

# बिजली बिल भुगतान हेतु हुडको में लगा नया एटीपी मशीन



**दुर्ग** | दुर्ग क्षेत्र के हुडको सबस्टेशन में 21 जून को बिजली बिल भुगतान हेतु नए ए.टी.पी. मशीन का शुभारंभ मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर के करकमलों से किया गया। एटीपी मशीन के द्वारा क्षेत्र के सम्माननीय उपभोक्ता अब सुबह 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक विद्युत देयकों का भुगतान कर सकते हैं। हुडको एवं तालपुरी के उपभोक्ताओं के लाभान्वित होने के साथ ही नए एटीपी मशीन से दुर्ग शहर का कोई भी उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकता है। इस दौरान अधीक्षण अभियंता श्री तरुण कुमार ठाकुर ,कार्यपालन अभियंता श्री आर.के.चन्द्राकर, सहायक अभियंता श्री कौशलेन्द्र पांडे, श्री मनीश चंद्रवंशी, श्री मनीष अग्रवाल, श्रीमती ज्योति नैयर, श्रीमती सीमा बघेल एवं श्रीमती अनिता सोनी सहित समस्त कनिष्ठ अभियंता एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

# जनरेशन कंपनी के विद्युत गृह देशभर में दूसरे स्थान पर

भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में बिजली की मांग बढ़ गई है, जिसकी आपूर्ति करने सभी बिजली संयंत्र पूरी क्षमता से चलाए जा रहे हैं। अप्रैल महीने में जनरेशन कंपनी के सभी संयंत्रों ने बेहतर उत्पादन किया। अप्रैल महीने में प्रदेश के संयंत्रों का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) 83.83 प्रतिशत रहा। देशभर के 33 स्टेट पॉवर सेक्टर में छत्तीसगढ़ के संयंत्र दूसरे स्थान पर रहे।

छत्तीसगढ़ में इस वर्ष अधिकतम विद्युत मांग 5300 मेगावाट तक पहुंच गया है। गर्मी के कारण विद्युत उपकरणों का इस्तेमाल अधिक हो रहा है साथ ही उद्योग पूरी क्षमता से चल रहे हैं, जिसके कारण बिजली की मांग बढ़ गई है।

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन कार्यरत नेशनल पॉवर पोर्टल की मई में जारी रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के सभी संयंत्र पूरी क्षमता से चल रहे हैं। प्रदेश के संयंत्र अप्रैल माह में 83.83 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) को अर्जित किया है, यह मार्च महीने के 79.74 की तुलना में लगभग 4 प्रतिशत अधिक है। जबकि देशभर के 33 स्टेट सेक्टर के संयंत्र का औसत पीएलएफ 69.26 प्रतिशत रहा।

1 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच डीएसपीएम संयंत्र 98.21 फीसदी पीएलएफ, जबकि मार्च में 97.37 प्रतिशत। कोरबा वेस्ट के 840 मेगावाट के प्लांट का पीएलएफ अप्रैल में 73.20 प्रतिशत रहा, यह मार्च में 62.39 प्रतिशत की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह कोरबा वेस्ट एक्सटेंशन 500 मेगावाट का पीएलएफ अप्रैल में 97.54 प्रतिशत रहा, जबकि मार्च में यह 90.92 प्रतिशत ही था। यानी अप्रैल में इस संयंत्र से लगभग 7 प्रतिशत अधिक उत्पादन रहा।



## 11 कर्मियों का किया सम्मान



**बिलासपुर** | बिलासपुर क्षेत्र से जून में सेवानिवृत्त हो रहे 11 कर्मियों को सम्मान पत्र भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। इनमें सर्वश्री नरेन्द्र राव, सागर दास मानिकपुरी, पुन्नीलाल तिवारी, लूसन सिंह, होरीलाल, भुवन सिंह, परस राम साहू, रामायण लाल पाण्डेय, तापस कुमार भद्रा, राजकुमार श्रीवास, श्रीमती मंजूलता मेश्राम को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। सेवानिवृत्ति उपरान्त सम्मानित किया गया।

## 36 कर्मियों का हुआ सम्मान



**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा-पश्चिम से 36 कर्मियों को सेवानिवृत्ति उपरान्त सम्मानित किया गया। मुख्य अभियंता श्री एस.के. कटियार ने उन्हें प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किया।कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री बी.पी.पाटले,के. के.डोंगरे, ए.के.दत्ता, एस.के.सोनपुरे, ओ.पी. शुक्ला, अजय कुमार सिन्हा एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री ए.के. कुरनाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन अधीक्षण अभियंता श्री एस.एस.टेकाम एवं संचालन कल्याण अधिकारी श्री एस.एस.कंवर ने किया।

## शख्सियत | जमीनी सच्चाई के आकलन से ही कर सकते हैं कठिन परिस्थितियों को पार



**श्री पी.सी. पारधी**
कार्यपालक निदेशक,
(सी.एंड टी.एम. भिलाई ट्रांसमिशन कंपनी)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में कार्यपालक निदेशक (सी एण्ड टी.एम.) के पद पर भिलाई में पदस्थ श्री प्रकाशचन्द पारधी का जन्म 22 सितम्बर 1960 को मध्यप्रदेश के बालाघाट के वारासिवनी में हुआ। मूलतः किसान परिवार से होने के कारण कड़ी मेहनत करना और नतीजे आने तक धैर्य के साथ निरंतर प्रयास करने का संस्कार आपको अपने पिता श्री गुलाबचंद पारधी एवं माता श्रीमती सुशीला देवी से मिला। आपने वर्ष 1977 में वारासिवनी के स्कूल से हायर सेकण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद आप बीई करने रायपुर शासकीय इंजीनिरिंग कालेज आ गए। 1982 में इंजीनियरिंग की उपाधि हासिल करने के पश्चात् आपने शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज सिवनी में शिक्षक के रूप में अपनी सेवायें दीं।

1984 में आपका चयन मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में बतौर सहायक अभियंता के रूप में हुआ। आप इस दौरान 1984 से 1992 तक ई.एच.टी. कार्यालय छिन्दवाड़ा, सिवनी एवं जबलपुर में पदस्थ रहे। 1992 में आपका स्थानांतरण कर्मशाला भिलाई में हुआ। 18 साल बाद आपको पहली पदोन्नति सन् 2002 में कार्यपालन अभियंता के रूप में मिली। इस दौरान आपने ईएचटी रायपुर संभाग में अपनी सेवाएं दीं। नौ साल बाद आपको सन् 2011 में अधीक्षण अभियंता के रूप में पदोन्नति प्रदान की गई। इस दौरान आपने ईएचटी बिलासपुर और रायपुर में कार्य किया। कार्य के प्रति निष्ठा एवं लगन के बूते समय-समय पर पदोन्नति प्राप्त करते हुए आप सन् 2018 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता तथा सन् 2020 में मुख्य अभियंता के शीर्ष पद पर पदोन्नत हुए। आपने इस दौरान ईएचटी के साथ मानव संसाधन का भी कार्य संपादित किया।

प्रबंधन ने आपकी कुशलता का आकलन करते हुए मार्च 2021 में कार्यपालक निदेशक के शीर्ष पद पर पदोन्नति प्रदान की। वर्तमान में आपके कुशल मार्गदर्शन में सी.एण्ड टीएम. कार्यालय संचालित हो रहा है।

प्रदेश में विद्युत विकास के क्षेत्र में ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार में लंबे समय तक कार्य करने वाले श्री पारधी के जीवन का अनुभव अलग ही है। आप मध्यप्रदेश के पेंच राष्ट्रीय उद्यान में 1985 में जंगल के बीच कैंप लगाकर किये गए 132 केवी अंतरराज्यीय ट्रांसमिशन लाइन कार्य के दौरान हुए अनुभव को हमेशा याद करते हैं।

जिसमें कार्य के दौरान उनका सामना जंगली जानवरों से होता रहा। एक बार तो कैंप के बीच से ही शेर ने गाय को दौड़ाते हुए उसका शिकार किया। एक और चुनौती जो आपको हमेशा याद रहती है, वह है 2008 में जब बस्तर के कोंटा के पास आंध्रप्रदेश बार्डर में नक्सलियों ने एक ईएचटी टावर गिरा दिया था। आप उस समय भिलाई कर्मशाला में कार्यपालन अभियंता थे, जिसमें पूरी टीम के साथ आप सात दिन तक जंगल में टावर खड़ा करने के कार्य में लगे रहे। इस दौरान नक्सलियों की फायरिंग भी सुनने को मिलती थी, आपकी टीम ने इस कठिन परिस्थिति में भी समय पर टावर खड़ा करने में सफलता हासिल की। इसके अलावा आपने जमीनी सच्चाई का आकलन करते हुए दुर्गम परिस्थितियों में भी टीम के साथ कार्य किया। आपको सेवा अवधि के दौरान उत्कृष्ट कार्य हेतु सन् 2005 और 2010 में अध्यक्ष व्दारा पुरस्कृत भी किया गया। आपके सेवाकाल में धर्मपत्नी श्रीमती वीणा पारधी का संबल और साथ हमेशा प्राप्त हुआ।

आपके पुत्र प्रवेश एवं पराग ने फारेन ट्रेड में एम.बी.ए. की शिक्षा प्राप्त की है और वर्तमान में बेंगलोर में कार्यरत हैं। लगभग 38 वर्षीय सेवायात्रा के दौरान आपने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विद्युत विकास में महती भूमिका का निवर्हन किया है। आपके भीतर अपनी धरती के प्रति कृतज्ञता और सेवा का भाव कूट-कूटकर भरा हुआ है। भविष्य में आप अपने पुस्तैनी कृषि व्यवसाय को उन्नत तरीके से आगे बढ़ाना चाहते हैं।

## ताप विद्युत गृह में मनाया गया अग्निशमन सेवा सप्ताह



**कोरबा पूर्व** | कोरबा पूर्व में 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया । सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर कार्यपालक निदेशक(उत्पा.) श्री बी.डी.बघेल ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थ, हाईड्रोजन प्लांट तथा संयंत्र में स्थित बायलर के आस पास अग्नि दुर्घटना की संभावना होती है। ऐसे स्थानों पर अग्नि दुर्घटना के प्रति सजग रहते हुए कार्य करना चाहिए। समापन अवसर पर अग्निशमन से संबंधित नारा लेखन प्रतियोगिता एवं अग्निशमन यंत्र संचालन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया। अग्निशमन अधिकारी श्री हेतराम साहू ने प्रश्न मंच का संचालन किया । कार्यक्रम में श्री जी.पी.भगत, श्री पी.पी.कुजूर सीई (प्रशिक्षण) तथा श्री ए.एस.मरावी सीई उपस्थित थे । आभार प्रदर्शन मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री टी.पी.सिंह तथा संचालन वरि. मानचित्रकार श्री सुरेश सोनी द्वारा किया गया।



**कोरबा पश्चिम** | राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में भी किया गया। कार्यक्रम में 66 अग्निशमन वीरों को श्रद्धांजलि के साथ अधिकारियों / कर्मचाारियों एवं ठेका श्रमिकों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के संचालन एवं अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीई (उत्पादन) श्री एस.के.कटियार ने समापन अवसर पर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की इसके अलावा इमारत की अग्नि चेतावनी की घंटी (फायर अलार्म) को सक्रिय करें। आग लगने पर लिफ्ट के स्थान पर सिर्फ सीढ़ियों का ही प्रयोग करें। फायर विभाग को हर संभव मदद की बात कही एवं फायर विभाग को और अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित किया । कार्यक्रम का संचालन श्री जी.पी.कैथवास, सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं आभार श्री बी.डी.धनवानी ने किया।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्रबंधन ने गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए बड़े फीडरों को छोटा करने के निर्देश दिये हैं, ताकि फीडर की मानिटिरंग आसान हो सके तथा वहां आने वाली समस्याओं का निराकरण जल्द हो सके। छोटे फीडर होने से विद्युत अवरोध की स्थिति में बड़ी आबादी को परेशान होना नहीं पड़ता।

## फीडर में सुधार: वोल्टेज की समस्या से राहत



**दुर्ग** | बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए दुर्ग क्षेत्र के 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र बोरसी के दो फीडरों को दो भागों में विभक्त किया गया है। इससे बोरसी जोन के लगभग 06 हजार उपभोक्ताओं को बिजली ट्रिपिंग एवं कम वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए नगर फीडर को चार्ज किया गया। उक्त दोनों 11 के.व्ही फीडरों को मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर की उपस्थिति में चार्ज किया गया। उक्त सभी कार्य मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना तथा सामान्य विकास योजना के अंतर्गत 42 लाख रुपए की लागत से किए गए।

कार्य को लक्षित समय पर पूर्ण करने के लिए श्री एम.के.साहू सहित उनकी टीम को बधाई प्रेषित की।

## 20 गांवों में मिलेगी गुणवत्तापूर्ण बिजली



**दुर्ग** | साजा संभाग में लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से 132 के.व्ही. उपकेंद्र सांकरा(बेरला) से 16 किलोमीटर लंबी एक नई 33 के.व्ही. लाईन तारालीम फीडर को ऊर्जीकृत किया गया है। मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर की उपस्थिति में 19 मई को इसे ऊर्जीकृत किया गया । अब चारों उपकेंद्रों को दो फीडरों में बांट देने से क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था बेहतर हो गई है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को निर्बाध रुप से विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा रही है। साजा के कार्यपालन अभियंता श्री डी.के.रात्रे ने बताया कि दोनों उपकेंद्रों बारगांव एवं सरदा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के 20 हजार ग्रामीणों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलने लगा है। समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए अधीक्षण अभियंता आर.एस.महिलांगे की टीम को बधाई दी है।

## डोंगरगांव से छुरिया तक नई लाइन चार्ज



**राजनांदगांव** | 132/33 के.व्ही. उच्चदाब उपकेन्द्र डोंगरगांव से छुरिया तक नई 33 के.व्ही. लाइन सृजित कर दिनांक 13 अप्रैल को चार्ज किया गया है। छुरिया तक 25 किलोमीटर है। कार्यपालन अभियंता श्री के.व्ही मैथ्यू ने बताया कि छुरिया उपकेन्द्र के 05 एमव्हीए के 02 नग एवं 3-15 एमव्हीए के 01 पॉवर ट्रांसफार्मर को कुल 13-15 एमव्हीए विद्युत क्षमता की विद्युत सप्लाई दी जा रही है जिससे छुरिया वितरण केंद्र के लगभग 66 ग्रामों के 13 हजार 432 घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर मुख्य अभियंता श्री टीके मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता श्री सलिल कुमार खरे ने ईई श्री एन के गुरूपुचायन, एई दिनेश चतुर्वेदी, जेई श्री लाखन सिंह ठाकुर और उनकी टीम को बधाई दी।

## रानीतरई-बेल्हारी 14 किमी नई लाइन चार्ज




**दुर्ग** | पाटन ब्लाक के रानीतरई उपकेंद्र से बेल्हारी तक 14 किलोमीटर की नई 33 के.व्ही. लाइन शुरू कर दी गई है। मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर की उपस्थिति में 23 मई को यह लाईन चार्ज की गई। श्री जामुलकर ने बताया कि इस नई लाईन के शुरू होने से दक्षिण पाटन के लगभग 25 गांव लाभान्वित होंगे। 33 / 11 के.व्ही. लाइन चार्ज किए जाने के अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.गौरहा, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री धर्मेंद्र कुमार भारती, जे.जगन्नाथ प्रसाद एवं पी.के. शर्मा , सहायक अभियंता सर्वश्री मोहम्मद जलालुद्दीन, भूपेश कुमार वर्मा, डी.के.साहू एवं सुश्री मनीषा साहू समेत अन्य कर्मी मौजूद थे। इसके लिए श्री जामुलकर ने पूरी टी को बधाई दी है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए सतत् नए उपकेंद्रों का निर्माण कर रही है। साथ ही मांग व लोड के अनुरूप पुराने उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने का कार्य प्रगति पर है। विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर उर्जीकृत किये गए।

## ▪ 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का शिलान्यास



**राजनांदगांव** | सोमनी उपसंभाग के ग्राम घुमका चारभांटा में 33/11 के.व्ही. के नए उपकेन्द्र की आधारशिला डोंगरगढ़ विधायक श्री भुनेश्वर बघेल के हाथों रखी गई। श्री बघेल ने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत 1 करोड़ 86 लाख रू की लागत वाले इस उपकेन्द्र के निर्माण से घुमका चारभांटा क्षेत्र के 11 ग्रामों के लगभग 7 हजार लोगों को बिजली की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। शिलान्यास अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री सलिल कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता श्री आर. के. गोस्वामी, श्री एन0के0 गुरूपंचायन, सहायक अभियंता श्री अनिल धनकर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## ▪ 40 लाख की लागत का नया ट्रांसफार्मर



**बिलासपुर** | बिलासपुर के भारतीय नगर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 3-15 एम.व्ही.ए. के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना से स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली है। इस उपकेन्द्र की क्षमता 5 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 8-15 एम.व्ही.ए. हो गयी है। विद्युत विकास के लिए 40 लाख रूपये की लागत से अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना की गई है। ईडी श्री संजय पटेल ने नये ट्रांसफार्मर की आपूर्ति प्रारंभ की। इससे सलूजा विहार, भारतीय नगर, अज्ञेयनगर एवं तालापारा के उपभोक्ताओं लाभ मिलेगा। एस ई श्री वाय.के.मनहर, ईई श्री सुरेश जांगडे, श्रीमती तृप्ति जांगड़े एई श्रीमती संचारी सिंह, श्रीमती श्वेता कोसरिया, जेई श्री नरेश देवांगन एवं एस.टी.एम. व एच.टी. (मेंटेनेंस) टीम का विशेष योगदान रहा ।

## ▪ अरपा ग्रीन उपकेन्द्र में पॉवर ट्रांसफार्मर



**बिलासपुर** | अरपा ग्रीन उपकेन्द्र में विद्यमान 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 3-15 एम.व्ही.ए. के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को उर्जीकृत किया गया। अब इस उपकेन्द्र की क्षमता 3-15 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 6-30 एम.व्ही.ए. हो गयी है। इस कार्य से उपकेन्द्र की परिधि में आने वाले उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। बिलासपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री एस.के.दुबे ने बताया कि उपकेन्द्र में 3-15 एम.व्ही.ए. के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के उर्जीकरण से बिरकोना, अरपा ग्रीन-1 व 2 तथा पौंसरा बस्ती एवं कृषक पंप कनेक्शनधारी लगभग 5 हजार उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा मिलेगी। ईडी श्री संजय पटेल ने ईई श्री अमर चौधरी, श्री हेमंत चन्द्रा समेत पूरी एस.टी.एम. टीम की सराहना की ।

## ▪ 5 एम.व्ही.ए. का नया पॉवर ट्रांसफार्मर



**राजनांदगांव** | पंडरिया उपसंभाग के ग्राम कोड़ापुरी में विद्यमान 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता आवर्धन करते हुए 5 एमव्हीए कर ऊर्जीकृत किया गया। कोड़ापुरी उपकेन्द्र की क्षमता 3.15 एमव्हीए से बढ़कर 5 एव्हीए हो गया है। कवर्धा वृत्त के एस ई श्री आरएन याहके ने बताया कि पंडरिया कापादाह वितरण केन्द्र के ग्राम कोड़ापुरी में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 5 एमव्हीए करने से 31 ग्रामों के 4375 विद्युत उपभोक्ताओं एवं कृषकों को विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। सीई श्री टी.के. मेश्राम एवं एस ई आरएन याहके ने ईई एके सिंह, श्री एनके गुरूपंचायन, एचपी गुप्ता, एई यूके घृतलहरे श्री प्रशांत पांसे,श्री दीपक कुमार लसेर जेई दिलीप कुमार ठाकुर टीम को बधाई दी ।

## तखतपुर में 3 अतिरिक्त ट्रांसफार्मर उर्जीकृत

तखतपुर उपसंभाग क्षेत्र के ग्राम बेलपान (नट मोहल्ला), पेंडारी एवं भिलोनी में कुल 3 नग 63 केव्हीए के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर उर्जीकृत किये गए है। कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि राज्य सरकार के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के सभी जिलों में घरेलू, कृषक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किये जा रहें हैं।

# आतंकवाद विरोधी दिवस पर शांति और सदभावना की शपथ

देश में हर साल 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य देश में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना है व आतंकवाद के प्रति लोगों के बीच जागरूकता लाते हुए युवाओं को आतंकवाद और हिंसा से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के विभिन्न कार्यालयों में आतंकवाद विरोधी दिवस पर शांति और सद्भावना की शपथ ली गई।



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी एवं ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई।



छग स्टेट पॉवर ट्रेडिंग कंपनी में एमडी श्री राजेश वर्मा ने शपथ दिलाई



दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में सीई श्री एम.जामुलकर शपथ दिलाई गई।



मुख्य अभियंता (सिविल) कार्यालय डंगनिया, रायपुर



राजनांदगांव क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन के प्रांगण में शपथ ली गई।



डिस्टीब्यूशन एच आर के जीएम श्री आर ए पाठक



जगदलपुर क्षेत्रीय कार्यालय में ईडी श्री एसके ठाकुर ने शपथ दिलाई



कर्मशाला संभाग भिलाई मे आतंकवाद विरोधी दिवस



बिलासपुर तिफुरा स्थित प्रशासनिक में शपथ

# शख्सियत | गीता के कर्मफल सिद्धांत को सर्वोपरि मानते हैं : प्रमोद कुमार अग्रवाल



**श्री पी.के.अग्रवाल**
चीफ इंजीनियर,
(टी.एंड क्यू.ए.
जनरेशन कंपनी )

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं गुणवत्ता) के पद पर कार्यरत् श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल जैसे इस सिद्धांत को मानते हैं, वैसे ही अपना व्यवहार रखने का प्रयास भी करते हैं। श्री अग्रवाल धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन में रूचि रखते हैं। खासकर गीता का कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषू कदाचन, श्लोक आपके जीवन को बहुत प्रभावित करता है।

श्री अग्रवाल का जन्म 26 अगस्त 1960 को महाराष्ट्र के गोंदिया में हुआ। इनके पिता का नाम स्व. श्री रामकिसन सिंघानिया तथा माता का नाम स्व. उमादेवी सिंघानिया है। बचपन में माता-पिता से मिले संस्कार के बूते आपने जीवन में अनेक उपलब्धियां हासिल की। शिक्षा की प्रेरणा आपको अपने चाचाजी श्री राधेश्याम सिंघानिया से मिली, वे बीएचईएल भोपाल (भेल) में पदस्थ थे, सो उनके साथ रहते हुए विक्रम हायर सेकंडरी स्कूल बीएचईएल भोपाल से प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। मेधावी होने के कारण बीएचईएल भोपाल प्रबंधन ने आपको उच्च अध्ययन के लिए स्कालरशिप भी प्रदान की, जिससे आपने शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर से बीई मेकेनिकल की उपाधि हासिल की। शिक्षा पूरी करने के बाद आपको चार स्थानों से नौकरी का प्रस्ताव मिला था। जिसमें से आपने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के प्रस्ताव को बेहतर माना और विद्युत विकास के क्षेत्र में कदम रखा। नवंबर 1982 में इंटरव्यू के बाद अप्रैल 1983 में आपकी नियुक्ति कोरबा पश्चिम संयंत्र में सहायक अभियंता (प्रशिक्षु) के रूप में की गई।

07 अक्टूबर 1983 को आपकी पदस्थापना हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के बायलर निर्माण संभाग एक में हुई। एक वर्ष की सफलतापूर्वक ट्रेनिंग अवधि के पश्चात् 05 अप्रैल 1984 से सहायक अभियंता के पद पर हसदेव ताप विद्युतगृह कोरबा पश्चिम में ही बायलर निर्माण संभाग दो में नियमित पदस्थापना हुई। आपको हसदेव ताप विद्युत गृह के इकाई क्रमांक 03 एवं 04 में इरेक्शन एंड कमीशनिंग तथा आपरेशन एंड मेन्टेनेंस की जिम्मेदारी मिली। इसके साथ ही कर्मशाला एवं गैरेज संभाग, बायलर सुधार संभाग तथा क्रय एवं कार्य विभाग में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ।

सहायक अभियंता के 17 वर्षों की सेवा उपरांत आपको 23 मई 2000 को कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति दी गई। इस दौरान सन् 2002 में आपको कार्यपालन अभियंता के पद पर ही रायपुर के भंडार एवं क्रय कार्यालय में पदस्थ किया गया। कार्यपालन अभियंता के पद पर 10 वर्षों की सेवा के उपरांत आपको 10 जनवरी 2010 को अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई तथा आपकी पदस्थापना वाणिज्यिक एवं नियामक मामले में ही की गई। फरवरी 2012 में अधीक्षण अभियंता के पद पर ही आपकी पदस्थापना मानव संसाधन विभाग में हुई, जिसमें आपने अपनी विशेष दक्षता साबित की। अधीक्षण अभियंता के पद पर लगभग 09 वर्षों की सेवा उपरांत 10 दिसंबर 2018 को अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई तथा आपकी पदस्थापना कार्यालय मुख्य अभियंता (टी. एंड क्यू.ए.) में की गई। अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर 03 वर्षों की सेवा उपरांत 25 नवंबर 2021 को आपको शीर्ष पद मुख्य अभियंता की जिम्मेदारी प्रदान की गई। कार्य के दौरान आपको 1986 की वह घटना याद आती हैं, जिसमें आप 60 मीटर की ऊँचाई पर बायलर ड्रम का निरीक्षण कर रहे थे, उसी दौरान आपका सिर मधुमक्खी के छत्ते से टकरा गया। आपके वरिष्ठ अधिकारी ने आपका हाथ थामा और आपको गिरने से बचा लिया। उस दिन को आप अपना दूसरा जीवन मानते हैं। आपको सेवा के दौरान और भी अनेक कठिनाईंयों का सामना करना पड़ा। सेवा के दौरान आपको आपके परिवार का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। आपकी पत्नी श्रीमती सुशीला अग्रवाल गृहिणी हैं। आपका बेटा श्री प्रतीक कुमार अग्रवाल चार्टेड अकाउंटेंट हैं तथा वर्तमान में स्वयं का आटोमोबाइल स्पेयर्स का व्यवसाय कर रहे हैं। आपकी बहु श्रीमती कीर्ति सिंघानिया बलौदाबाजार हायर सेकंडरी स्कूल बलौदाबाजार में अर्थशास्त्र की व्याख्याता हैं। आपकी बेटी डॉ. पोषिका अग्रवाल एमबीबीएस हैं तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग में एमएस हैं, वर्तमान में वे खड़गपुर मेडिकल कालेज में सीनियर रेसीडेंट डॉक्टर हैं।

श्री अग्रवाल अपने जीवन की इन उपलब्धियों के लिए परमपिता परमेश्वर तथा समूचे पावर कंपनी प्रबंधन का आभार मानते हैं।

## महिला सशक्तिकरण पर रंगोली



महिला सशक्तिकरण पर विद्युत सेवा भवन में डीजीएम श्रीमती अल्पना शरत तिवारी एवं भावना रवानी व्दारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन करते हुए प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल।

## मड़वा- सेवा प्रमाण पत्र के साथ दी विदाई



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा से जून महीने में कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री जगतराम साहू एवं श्री दूजेराम आजाद सेवानिवृत्त हुये। विदाई समारोह में मुख्य अभियंता एच.एन. कोसरिया ने उन्हें स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके सुखमय जीवन की कामना की।

# विदाई समारोह





## सहायक प्रबंधक लेख राम साहू एवं बलदाऊ प्रसाद सोनी की विदाई

होल्डिंग कंपनी रायपुर में सहायक प्रबंधक (वित्त) श्री लेख राम साहू एवं जनरेशन कंपनी के सहायक प्रबंधक श्री बलदाऊ प्रसाद सोनी 31 मई 2022 को सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभिनी विदाई दी गई। । श्री साहू 41 वर्ष 4 माह वहीं श्री सोनी लगभग 42 वर्ष की सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए। कार्यपालक निदेशकगण सर्वश्री संदीप मोदी, एम एस चौहान, आलोक सिंह एवं महाप्रबंधक श्री वाय. बी. जैन, श्रीमती नंदिनी भट्टाचार्य ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों की सेवाओं का उल्लेख करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक सर्वश्री नवीन ठाकुर, जी के राठी, ए.के. चन्द्राकर, एस के शर्मा, श्रीमती रीना जायसवाल समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक श्री अरूण देवांगन तथा संयोजन सहायक प्रबंधक सर्वश्री एम आर सिलारे व डी. के. अग्रवाल एवं आशीष साहू ने किया ।



## केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में विदाई

मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण अनुसंधान एवं विकास) कार्यालय में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी श्री अशोक कुमार पाण्डेय को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई। मुख्य अभियंता श्री डी. एस. भगत ने उन्हें शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर श्री भगत ने श्री पाण्डेय के सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन सहायक अभियंता श्री ए. पी. सोनी द्वारा किया गया ।



## मड़वा: सेवानिवृत्त हुए मुख्य सुरक्षा सैनिक

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में कार्यरत मुख्य सुरक्षा सैनिक श्री शेर सिंह उइके को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री एच.एन कोसरिया अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजाबाबू कोसरे एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आर.के. तिवारी ने सेवानिवृत्त श्री शेर सिंह उइके को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया।

## कोरबा- पश्चिम से 14 अधिकारियों-कर्मचारियों को भावभीनी विदाई

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम मई में 14 अधिकारी/कर्मचारी सेवानिवृत्त हुये। उन्हें एक समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों में अति. मुख्य अभियंता श्री अशोक कुमार जैन, अधीक्षण अभियंता श्री नरेन्द्र शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री प्रमोद कुमार वर्मा, निज सचिव श्री अब्दुल



रहमान, कनिष्ठ पर्यवेक्षक सर्वश्री गोविन्द प्रसाद राठौर, लच्छी राम, महे श सिंह ध्रुव, अश्वनी कुमार पाठक, जगदीश प्रसाद कैवर्त्य, संयंत्र सहायक श्रेणी-एक सर्वश्री सोहन लाल साहू, डोंगर सिंह ठाकुर, भुनेश्वर प्रसाद चन्द्रा, रमेश कुमार साहू, श्याम लाल को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता कर रहे मुख्य अभियंता श्री एस.के. कटियार ने सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखी जीवन की कामना की।

# विदाई समारोह



## संसदीय सचिव ने किया सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के बिलासपुर क्षेत्रीय कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संसदीय सचिव, छ.ग.शासन श्रीमती रश्मि सिंह एवं कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने सेवानिवृत्तजनों के सुखमय एवं उज्जवल जीवन की कामना की। इसमें वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. टी.ए.सिंह एवं अनुभाग अधिकारी श्री महेश दुहलानी सहित अन्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, कलाई घड़ी, शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्रीमती सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति रिटायर नहीं होता अपितु नई जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए पुरानी जिम्मेदारियों से मुक्त होना पड़ता है, सेवानिवृत्त डॉ. अजीत सिंह के बारे में कहा कि डॉक्टर कभी रिटायर नहीं होते हैं, ईश्वर ने उनको सेवा करने का सौभाग्य दिया है। अंत में उन्होने कहा कि राज्य शासन द्वारा विद्युत विभाग में चलाई जा रही योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें ताकि इसका लाभ आम जनता को मिल सके।समारोह में अधीक्षण अभियंता द्वय सर्वश्री एस.के. दुबे, सी.एम.बाजपेयी, अति.मुख्य चिकित्साधिकारी श्रीमती वी.थामस, कार्यालय के समस्त कार्यपालन अभियंता एवं सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित थे।



## डीएसपीएम से पाँच कर्मचारी सेवानिवृत्त

डी.एस.पी.एम. ताप विद्युत गृह में कार्यरत सर्वश्री बी.लकरा (वरिष्ठ लेखाधिकारी)अजय बिरेशवर तिर्की,दशरथ प्रसाद पीतराम साहू एवं कृष्ण कुमार सोनी अपनी सेवाअवधि के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हुए। कार्यपालक निदेशक श्री एस.के.बंजारा ने सेवानिवृत्त कर्मियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन लेखाधिकारी श्री मंजरी सिंह ने किया।



## स्टॉफ आफिसर को भावभीनी विदाई

मुख्य अभियंता कार्यालय में पदस्थ स्टॉफ आफिसर श्री के.के. देवांगन को भावभिनी विदाई दी गई। मुख्य अभियंता श्री टी. के. मेश्राम द्वारा श्री देवांगन को 42 वर्षों की लंबी सेवा अवधि के बाद सेवानिवृत्ति पर स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं भेंट देकर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने स्टॉफ आफिसर श्री के.के. देवांगन के प्रति अपनी आभार प्रकट की।

## कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह में 05 अधिकारी/कर्मचारी सेवानिवृत्त

कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह में 05 अधिकारी/कर्मचारी सेवानिवृत्त हुये। इस अवसर पर प्रशस्ति पत्र, परिचय पत्र, कलाई घड़ी, एवं मिष्ठान प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। माह मई-2022 में श्री राजीव कुमार श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता, राजेन्द्र कुमार पागे, तिलक राम, रामकृष्ण शर्मा जूनियर सुपरवाईजर एवं संजीव कुमार सिन्हा कार्या.सहा. श्रेणी-1 का उनके परिजनों तथा सहकर्मियों के द्वारा




स्वागत एवं सम्मान कया गया। कार्यपालक निदेशक श्री बी.डी.बघेल, मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव के गरिमामय उपस्थिति में समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंतागण ए.एस.मरावी, पी.पी.कुजूर, बी.टोप्पो, अतुल तिर्की एवं कार्यपालन अभियंता श्री सी.एस. रघुराम, ए.एस.तोमर, टी.पी.सिंह, नवीन मानिक, विनोद म़िश्रा, एम.एल.साहू मनोज मिश्रा सुधीर श्रीवास्तव एवं सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों/ कर्मचरियों के परिजन बडी संख्या में उपस्थित रहें।

# शख्सियत | जिंदगी को बहुआयामी विधाओं से जीने वाले व्यक्तित्व

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड रायपुर के भण्डार एवं क्रय के मुख्य अभियंता के पद पर सेवारत श्री पंकज कोले अपनी जिंदगी को बहुआयामी विधाओं के साथ जीने वाले व्यक्तित्व हैं। आपने न केवल जनरेशन संयंत्रों में बेहतर कार्यप्रणाली विकसित की। बल्कि बॉडी बिल्डिंग जैसी विधा को सर्वसाधारण के लिए कोरबा में उपलब्ध कराया।



**श्री पंकज कोले**
मुख्य अभियंता
(भंडार एवं क्रय,
जनरेशन कंपनी)

श्री कोले का जन्म 7 जुलाई 1960 को महाराष्ट्र के यवतमाल में हुआ। लेकिन उनकी पूरी शिक्षा-दीक्षा रायपुर में ही हुई। आपके पिता स्व. श्री अंचित कुमार कोले कृषि विभाग में संयुक्त संचालक रहे। आपकी माता स्व. श्रीमती अनुराधा कोले शिक्षिका थीं। आपने अपने पिता से आपने शरीर शौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) की प्रेरणा ली तो माता से नए विषयों के रूचिपूर्वक अध्ययन की सीख ली।आपकी प्राथमिक शिक्षा रायपुर शांतिनगर कालोनी के शासकीय स्कूल से हुई। आपने मिडिल और हायर सेकंडरी की शिक्षा सेंट पाल्स स्कूल रायपुर से पूरी की। 1976 में आपने शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रायपुर (अब एनआईटी) से पाँच वर्षीय डिग्री के लिए प्रवेश लिया। 1981 में आपको बीई इलेक्ट्रिकल की उपाधि प्राप्त हुई। जिसके बाद आपके पास कोल इंडिया से भी ऑफर था। आपने 1983 में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में कोरबा पश्चिम से ग्रेज्युएट अप्रेंट्रिस के रूप में आपने अपने करियर की शुरूआत की। 1984 में आन जाब ट्रेनिंग में आप बेस्ट परफार्मर अवार्ड से सम्मानित हुए। लगभग 21 साल के पश्चात् आपको सन् 2001 में प्रथम पदोन्नति कार्यपालन अभियंता के रूप में मिली। आपने इस दौरान कोरबा वेस्ट के साथ डीएसपीएम के इरीक्शन एवं कमीशनिंग कार्य में योगदान दिया। इसके नौ वर्ष पश्चात् सन् 2010 में आपको अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई। आपने 500 मेगावाट परियोजना कोरबा पश्चिम अपनी सेवाएं दी। आठ साल बाद आपको सन् 2018 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर आपको पदोन्नति प्रदान की गई और कोरबा पश्चिम विस्तार एवं बांगो हाइडल संयंत्र में जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान कोरबा पश्चिम 500 मेगावाट संयंत्र ने सर्वोत्तम पीएलएफ का रिकार्ड बनाया तथा बांगो हाइडल प्लांट ने भी कीर्तिमान स्थापित किये। आपकी सेवाओं का मूल्यांकन करते हुए पावर कंपनी ने सन् 2021 में आपको मुख्य अभियंता के शीर्ष पद पर पदोन्नति दी गई। आपने पहले मुख्य अभियंता के रूप में पहले प्रशिक्षण का कार्य संपादित किया तथा वर्तमान में मुख्य अभियंता भंडार एवं क्रय का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। आपको सेवाकाल के दौरान दो बार चेयरमेन अवार्ड से सम्मानित किया गया। पहली बार 1997 में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में तथा दूसरी बार 2009 में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल में यह अवार्ड प्राप्त हुआ। 2013 में आपको मैनेजिंग डायरेक्टर्स मेरोटोरियस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा चीफ इंजीनियर्स अवार्ड से आप तीन बार सम्मानित हो चुके हैं। आपको अपने पिता से शरीर शौष्ठव की प्रेरणा मिली। आपने कोरबा वेस्ट में 1987 में पहले जिमको अपने प्रयास से शुरू कराया। जिसके लिए आपने अपने सहयोगियों के साथ जिम के उपकरण तैयार किये। इस जिम से अभ्यास करके कोरबा से कई खिलाड़ी शरीर शौष्ठव व शक्तितोत्लन स्पर्धा में देश-विदेश तक भाग लेने गए। आपने क्लब सेक्रेटरी रहते हुए स्वीमिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास किये। जिससे अनेक बच्चे बेस्ट स्वीमर तैयार हुए। आपकी पत्नी श्रीमती वंदना कोले सांख्यिकी में एमएससी हैं एवं अध्यापन कार्य में संलग्न हैं। आपकी दो बेटियां हैं। दोनों का विवाह हो चुका है। पहली बिटिया श्रीमती अक्षया केलकर ने बीई किया है और वर्तमान में स्वीडन में रहती हैं। दूसरी बेटी श्रीमती तुलिका मैसूर ने फाइनेंस एवं इकानामिक्स में अध्ययन किया है और वर्तमान में टोरंटो कनाडा में मैकेंजी इन्वेस्टमेंट में कार्यरत हैं।आपको नई विधाओं में अध्ययन की रूचि है। बचपन में रायपुर के होम्योपैथी डाक्टर से आप एक पुड़िया तीन गोली से इलाज करते हुए प्रेरित हुए। जब कोरबा पदस्थ हुए तो आपने होम्यौपैथी के किताबें पढ़कर इलाज शुरू किया और इसमें सफलता भी प्राप्त की। आपको फोटोग्राफी का भी शौक है।

## असिस्टेंट मैनेजर श्री वर्गीस की विदाई



पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग में आयोजित समारोह में असिस्टेंट मैनेजर श्री अब्राहम वर्गीस को महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री पी0 पाण्डेय एवं अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री विनोद अग्रवाल ने प्रतीक चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। श्री वर्गीस ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी श्रीमती अनामिका मण्डावी द्वारा किया गया।

## पॉवर कंपनी मुख्यालय में विदाई समारोह



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से वरिष्ठ लेखाधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए श्री सी.आर. जांगड़े, अनुभाग अधिकारी श्री रमेश कुमार तिवारी एवं बसंत कुमार निषाद को कार्यपालक निदेशक सर्वश्री एम.एस. चौहान, वाय.बी. जैन, संदीप मोदी ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके उज्जवल व सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट मैनेजर श्री अरूण देवांगन ने किया।

# “सेफ्टी परेड | दोहरे खतरे से बचने आवश्यक है दोहरी सतर्कता”




## सुरक्षा उपायों को मूलमंत्र बनाने की विद्युतकर्मियों ने ली शपथ

मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम ने समस्त मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा उपायों को मूलमंत्र बनाकर सुरक्षित ढंग से कार्य करने की शपथ दिलाई। राजनांदगांव क्षेत्रान्तर्गत कबीरधाम एवं राजनांदगांव जिले के समस्त मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा का ध्यान रखते हुए दस्ताना, सेफ्टी बेल्ट, डिस्चार्ज राड, हेलमेट इत्यादि सुरक्षा उपकरणों का उपयोग बिना चूक करते रहने का संकल्प दिलाया।

## लाइनकर्मियों को सुरक्षा उपकरणों से कराया गया रूबरू

पंडरिया संभाग के अन्तर्गत बोड़ला वितरण केन्द्र में ''सेफ्टी परेड'' का आयोजन कर लाइनकर्मियों को सुरक्षित ढंग से कार्य करने के लिए जरूरी जानाकारी दी गई। एसई एवं प्रभारी सुरक्षा अधिकारी श्री रंजीत घोष द्वारा उपकरणों की जांच तथा तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी बारीकियाँ बताई गईं। इस दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा संबंधित अपने अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाली परेशानियों को भी साझा किया गया।







## बिजली कर्मियों के लिए सेफ्टी परेड का आयोजन

बिलासपुर क्षेत्र में बिजली कर्मियों के लिए एक दिवसीय सेफ्टी परेड कार्यशाला का आयोजन किया गया। अति. मुख्य अभियंता श्री पी.के.कश्यप द्वारा तकनीकी व ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। तकनीकी कर्मचारियों  ने भी अपने सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाली परेशानियों को भी साझा किया।

## तकनीकी कर्मचारियों के लिए ''सेफ्टी परेड'' का आयोजन

बेमेतरा संभाग के मैदानी अमलों में कार्यरत विद्युत कर्मियों हेतु 06 जून को एकदिवसीय ''सेफ्टी परेड'' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यपालन अभियंता श्री उमेश ठाकुर ने कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए लाइन संधारण जैसे संवेदनशील कार्य को संपादित करने संबंधी जानकारियाँ दीं। तकनीकी कर्मचारियों  ने भी अपने सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाली परेशानियों को भी साझा किया।







## ननकट्ठी वितरण केंद्र में कर्मचारियों के लिए ''सेफ्टी परेड''

दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग संभाग के मैदानी अमलों में कार्यरत विद्युत कर्मियों हेतु दिनांक 06 जून को ननकट्ठी वितरण केंद्र में एकदिवसीय ''सेफ्टी परेड'' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.गौरहा मुख्य रुप से उपस्थित हुए। मुख्य अभियंता श्री जामुलकर ने कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की शपथ दिलाई।

## मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम ने लाइनकर्मियों की ली बैठक

मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम ने कवर्धा जिले के पंडरिया समस्त मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षित ढंग से कार्य करने की शपथ दिलाई। श्री मेश्राम ने लाइनकर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षित ढंग से कार्य करने के लिए आवश्यक जानकारियाँ साझा की। उन्होंने सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच पर बल देते हुए खामी पाए जाने पर तुरंत बदले जाने के निर्देश दिए।



# मानव संसाधन विभाग के नए कार्यालय भवन का शुभारंभ



**रायपुर** | पॉवर कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल एवं श्री मनोज खरे ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग के नए कार्यालय भवन का शुभारंभ 08 जून 2022 को किया। शुभारंभ अवसर पर प्रबंध निदेशक द्वय ने मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों–कर्मचारियों को बधाई दी एवं नए कार्यालय में नए वातावरण में कार्य सुचारू रूप से शुरू करने की शुभकामनाएं भी दीं। इससे पहले मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक श्री आर ए पाठक ने प्रबंध निदेशकों का स्वागत किया। शुभारंभ अवसर पर कार्यपालक निदेशक सर्वश्री भीम सिंह , एच.पी. मांगीपुड़ी, जे एस नेताम , व्ही के साय , डी.एस.भगत मुख्य अभियंता सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद, डी के कांत, संदीप वर्मा ,श्रीमती सरोज तिवारी, श्रीमती ज्योति नन्नोरे ,महाप्रबंधक श्री वाई बी जैन, अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी श्री विवेक गोले समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी – कर्मचारी मौजूद थे। महाप्रबंधक मानव संसाधन श्री पाठक ने बताया कि शुभारंभ के साथ ही डंगनिया मुख्यालय सेवा भवन के पीछे स्थित नए कार्यालय में मानव संसाधन विभाग को स्थानांतरित कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

## निशुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में निशुल्क स्वास्थ्य एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 40 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श दिया गया। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप पांडेय एवं छाती श्वांस व दमा रोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश अग्रवाल ने विद्युत संयंत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। मुख्य अभियंता एचएन. कोसरिया ने विशेषज्ञ चिकित्सकों को स्मृति चिह्न भेंट किया। जागरूकता व्याख्यान में श्वास एवं दमा रोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश अग्रवाल ने कहा कि सिलिकोसिस फेफड़ों से संबंधित रोग है। यह रोग फैक्ट्रियों में काम करने वाले लोगों को होता है जहां पर धूल में सिलिका पाया जाता है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि सिलकोसिस का इलाज नहीं है। इसके सुरक्षात्मक उपाय ही इस रोग से बचाव है। पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप पांडेय ने कहा कि फैटी लीवर होने से व्यक्ति के बीमार होने की आशंका ज्यादा है। यदि किसी व्यक्ति को डायबिटिज या थायरायड है तो उसे नियंत्रित करना जरूरी है।

## डीएसपीएम में चिकित्सा परीक्षण संपन्न



**कोरबा पूर्व** | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में संयंत्र कर्मियों के लिए एक दिवसीय वार्षिक चिकित्सा परीक्षण 24 मई को संपन्न हुआ। कार्यपालक निदेशक श्री एस.के.बंजारा ने चिकित्सा परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि परीक्षण में भाग लेना यह दिखाता है कि हम अपने स्वास्थ्य के प्रति कितने सजग हैं। शरीर के अंदर बहुत से बदलाव होते रहते हैं ऐसे में कई बार गंभीर समस्याओं की जानकारी नहीं हो पाती है। ऐसे परीक्षणों के माध्यम से हम अपने स्वास्थ्य की अध्यतन स्थिति से अवगत हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर कल के लिए अच्छी सेहत बनाए रखने पर बल दिया।स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती अंजना कुजूर, श्री शैलेन्द्र शर्मा एवं श्री चंचल पैकरा,अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) श्री आर.पी. टंडन एवं मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौधरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। चिकित्सा परीक्षण को सफल बनाने में सेफ्टी ऑफिसर माया सिंग, श्री जे.पी. ठाकुर, श्री प्रणय शर्मा सहायक यंत्री द्वारा सहयोग प्रदान किया।

## दंत रोग परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में दन्त रोग परीक्षण एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों का दंत परीक्षण एवं उन्हें परामर्श दिया गया। इस अवसर पर मल्टी-स्पेशिलिटी डेन्टल क्लीनिक, बिलासपुर के दंत चिकित्सक डॉ. सुधांशु त्रिपाठी ने दाँतों की समस्या तथा उसे लेकर



फैली भ्रांतियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दांत उखाड़ने से आंखों पर कोई असर नहीं होता है। इसके साथ ही नजर कमजोर होने की बात भी एक मिथक है। इससे पहले मुख्य अभियंता श्री एच.एन कोसरिया ने डॉ.सुधांशु त्रिपाठी को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

# शख्सियत | माता-पिता से ली जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा



**श्री पी.के. जैन**
कार्यपालक निदेशक
(सी. एण्ड आर.ए.)
जनरेशन कंपनी

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक सी. एण्ड आर.ए. के पद पर भिलाई में पदस्थ श्री प्रदीप कुमार जैन का जन्म 14 अगस्त 1960 को रायपुर में हुआ। अपनी माता श्रीमती चमेली जैन एवं पिता श्री बी.सी. जैन से सुसंस्कार सहित जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिली। आपने वर्ष 1977 में हायर सेकण्डरी की परीक्षा पं. लज्जा शंकर झा शासकीय मॉडल स्कूल जबलपुर से उत्तीर्ण कर वर्ष 1982 में शासकीय इंजीनियरिंग कालेज जबलपुर से स्नातक किया। शिक्षा की पूर्णता के पश्चात् वर्ष 1982 से मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के विद्युत संधारण विभाग-3 से प्रशिक्षु के रूप में अपने करियर का प्रारंभ किया, तत्पश्चात् वर्ष 1983 में आप सहायक अभियंता के पद पर नियुक्त किये गये। इस पद पर आपने सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई एवं मुख्यालय जबलपुर में भी अपनी सेवायें दी। आगे वर्ष 1999 में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति पश्चात् टोंस जल विद्युत गृह, बरगी जल विद्युत गृह तथा ओ.एण्ड एम. (जनरेशन) रायपुर में अपनी सेवायें दी।

सेवायात्रा में मिले दायित्वों का कुशलतापूर्वक निवर्हन करते हुये आप वर्ष 2010 में अधीक्षण अभियंता, वर्ष 2017 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नत हुए। इन पदों पर आपने डीएसपीएम कोरबा एवं एचटीपीएस कोरबा पश्चिम में अपनी सफलतम सेवायें प्रदान की। आपको वर्ष 2018 में जनरेशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग में अतिरिक्त महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया। मानव संसाधन विभाग में पदस्थ रहते हुए वर्ष 2019 में आप मुख्य अभियंता के पद पदोन्नत हुए एवं मुख्य अभियंता डीएसपीएम ताप विद्युत गृह कोरबा तथा मुख्य अभियंता; मानव संसाधन के पद पर अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निवर्हन किया।

आगे मार्च 2021 में आपको कार्यपालक निदेशक के शीर्ष पद पर पदोन्नति प्रदान की गई एवं आपकी पदस्थापना सी.एण्ड आर.ए. कार्यालय रायपुर में की गई। वर्तमान में सी. एण्ड आर.ए. कार्यालय में पदस्थ रहते हुए महती भूमिका का निवर्हन कर रहे हैं। मुख्यालय जबलपुर में पदस्थ रहते हुए आपने मध्यप्रदेश के बरगी, टोंस, राजघाट, पेंच एवं मनीखेड़ा हायडल विद्युत गृह एवं सारनी ताप विद्युत गृह के ए.वी.आर. संबंधी समस्या का कुशलतापूर्वक समाधान करने में उल्लेखनीय भूमिका रही है।

आपकी सेवायात्रा में धर्मपत्नी श्रीमती अनिता नाहर का संबल और साथ हमेशा प्राप्त हुआ। बीई (आईटी) की उपाधि प्राप्त आपकी पुत्री प्रेशी जैन, जेपी मार्गन मुंबई में सेवारत हैं। जल एवं ताप विद्युत परियोजना के कार्यों को गति प्रदान करते हुए आपने लगभग 39 वर्षीय सेवायात्रा के दौरान मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विद्युत विकास में महत्वूपर्ण योदान दिया है। फाइनेंस संबंधी विषय पर आपकी विशेष अभिरूचि है।

# नक्सलवाद के विरोध में ली शपथ



**दुर्ग** | दुर्ग क्षेत्र में दिनांक 25 मई को ''झीरम श्रद्धांजलि दिवस'' पर विद्युत विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नक्सलवाद एवं हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली एवं नक्सल हिंसा में शहीद हुए लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया। मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर सहित दुर्ग क्षेत्र के सभी कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हुए नक्सलवाद एवं हिंसा का विरोध करने तथा छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शांति का टापू बनाने की शपथ ली गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री एस.आर.बांधे एवं श्री ए.के. गौराहा, कार्यपालन अभियंता श्री एस.एस.बघेल, श्रीमती सनीली चौहान एवं श्रीमती ममता कश्यप सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ''झीरम श्रद्धांजलि दिवस'' पर शपथ ली गई।

# झीरम के शहीदों को श्रद्धांजलि



**बिलासपुर** | '' झीरम श्रद्धांजलि दिवस'' के अवसर पर पॉवर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नक्सल हिंसा में शहीद हुए लोगों की स्मृति में 25 मई को दो मिनट का मौन धारण किया गया। ईडी श्री संजय पटेल एवं सभी अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अहिंसा व सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हुए नक्सलवाद एवं हिंसा का विरोध करने व छत्तीसगढ़ राज्य को शांति का टापू बनाने की शपथ ली गई।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया में परछाईयां नाटक का मंचन

## गीत,संगीत एवं नृत्य से बांधा शमां





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया के क्रीड़ा भवन में नाट्य एवं संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें "परछाईयां" नाटक का मंचन किया गया। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद व्दारा आयोजित इस कार्यक्रम में पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा मुख्य अतिथि तथा वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे एवं ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक एवं केन्द्रीय क्रीड़ा एवं परिषद के महासचिव श्री एम.एस. चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कंपनी की महिला कर्मी कु. आकांक्षा नागरिया के गणेश वन्दना नृत्य के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। क्रीड़ा परिषद के महासचिव श्री एम.एस. चौहान ने सेक्साफोन वाद्य यंत्र पर सुमधुर संगीत की प्रस्तुति दी। श्रीमती प्रीति साहू एवं श्रीमती कल्पना पन्ना ने नृत्य की प्रस्तुति दी। उसके पश्चात् "परछाईयां" नाटक की प्रस्तुति दी गई, नाटक के लेखक निर्देशक श्री योगेश नैयर रहे। परछाईयां नाटक में घर के बुजुर्ग सदस्य बाबूजी की भूमिका में सुरेश ठाकुर, गोलू एवं मलंग बाबा की भूमिका में मिथलेश जंघेल, पार्षद की भूमिका में कु. रेशमा सेतपाल तथा पिता की भूमिका में अजहरूद्दीन सिद्धीकी एवं मां की भूमिका में श्रीमती प्रीर्ति साहू ने उम्दा अभियन किया। नाटक के अन्य कलाकारों में पवन ओगलेए रविशंकर देवांगनए श्रीकान्त पोद्दार, कु. आकांक्षा नागरिया, श्रीमती प्रीति गुप्ता, श्रीमती कल्पना पन्ना शामिल थे। नाटक के संगीत पक्ष को सर्वश्री एम.एस. पॉल, कमल मुखर्जी एवं शिवनारायण ने मजबूती प्रदान किया। पॉवर कंपनी में कार्यरत मुख्य अभियंता श्री विनय गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री आनंद मोखरीवाले ने गायन एवं प्रकाशन अधिकारी श्री विकास शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के संवाद वाचन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री विजय मिश्रा ने किया। सभी कलाकारों को अतिथियों ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर उनकी कला की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री विजय मिश्रा ने किया। सभी कलाकारों को अतिथियों ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर उनकी कला की प्रशंसा की।



# कोरबा पूर्व संयत्र में मनाई गई डॉ.मुखर्जी की 69वीं पुण्य तिथि

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 69 पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री बंजारा ने कहा डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखण्डता का जो पाठ पढ़ाया है वह सदैव हम सभी के लिए स्मरणीय रहेगा। वे भारत के महान नेता चिंतक एवं विचारक थे। वे 33 वर्ष की अल्पायु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रतिष्ठित पद पर आसीन हो गये थे। इस पद पर नियुक्ति पाने वे सबसे कम आयु के कुलपति थे। 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हुई। कार्यक्रम में अति मुख्य अभियंता सर्वश्री चंचल पैकरा, श्रीमती अंजना कुजुर, रजनीश जैन, श्रीमती राजेश्वरी रावत, शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



# हमारे गौरव

## कु. दिव्यांजली जायसवाल यूपीएससी परीक्षा में 216 वां रैंक

**रायपुर** | पॉवर जनरेशन कंपनी रायपुर के कार्यालय मुख्य अभियंता (भंडार एवं क्रय) में पदस्थ सहायक अभियंता सुश्री दीपान्विता जायसवाल की छोटी बहन कु. दिव्यांजली जायसवाल ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा 2021 में ऑल इंडिया में 216 वां रैंक प्राप्त किया है।

बचपन से मेधावी दिव्यांजली ने वर्ष 2019 और 2020 में आयोजित परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया और साक्षात्कार तक पहुँचीं। यू0पी0एस0सी0 वर्ष 2021 तीसरे प्रयास में उन्होंने देश की सबसे कठिन परीक्षा में ऑल इंडिया में 216 वां रैंक प्राप्त कर



परिवार एवं पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। एन0आई0टी0 रायपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की उपाधि 94 प्रतिशत अंकों के साथ अर्जित की। बी0टेक के प्रथम वर्ष में पूरे इंजीनियरिंग ब्रांच में टॉप करने के फलस्वरूप उन्हें डॉ. डी. त्रिपाठी स्कॉलरशिप अवार्ड से भी नवाजा गया।

दिव्यांजली के पिता डॉ. अशोक कुमार जायसवाल साइंस कॉलेज रायपुर के रिटायर्ड प्रोफेसर हैं एवं बड़े भाई श्री दिग्विजय जायसवाल मैनेजर (सिविल) एन.एम.डी.सी बचेली में कार्यरत हैं।

## आईआईएमसी के मीडिया प्रशिक्षण में विकास शर्मा हुए शामिल

**रायपुर** | भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) में नए दौर की मीडिया पर केन्द्रित जनसंपर्क अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पॉवर कंपनी के प्रकाशन अधिकारी श्री विकास शर्मा ने हिस्सा लिया। नई दिल्ली स्थित आईआईएमसी में आयोजित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के जनसंपर्क अधिकारियों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

25-29 अप्रैल तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नए



दौर में आ रही चुनौतियों से निपटने के संबंध में कई महत्वपूर्ण बातें साझा की गईं। इसके अलावा नए दौर में सोशल मीडिया समेत अन्य मीडिया माध्यमों में हो रहे बदलावों की जानकारी दी गई। विभिन्न सत्रों में अलग –अलग विषय के विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। समापन अवसर पर आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय व्दिवेदी ने प्रशिक्षार्थियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि आईआईएमसी में विकास पत्रकारिता तथा जनसंपर्क पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं।

## योग दिवस मनाया



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं 2 में योग दिवस पर योग शिक्षिका द्वय श्रीमती आशा सोनी व श्रीमती किरण जयस द्वारा पतंजलि योगपीठ द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उपस्थित छात्र छात्राओं व विद्यालय स्टाफ को योगाभ्यास कराया गया

## आध्यात्मिक विकास को महत्व दें: मंजू दीदी

**बिलासपुर** | प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा "सुरक्षित भारत सड़क-सुरक्षा यात्रा" के तहत विद्युत कर्मियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कहा कि यातायात नियमों के पालन से जीवन रूपी यात्रा सुरक्षित रहती है। जीवन के सभी क्षेत्रों में दया और करूणा आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल, सीई श्री संदीप गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री बी.एल. वर्मा, श्री एस.के.दुबे समेत कार्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रज्ञा पटेल को बधाई



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रिबियूशन कंपनी के बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल की सुपुत्री कु प्रज्ञा पटेल को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर द्वारा ऐरोस्पेस इंजीनियरिंग मे द्वैत डिग्री प्रोग्राम ( बी टेक व एम. टेक) मे वर्ष 2020 -2021 के लिए शैक्षिक उत्कृष्टता प्रमाण पत्र दिया गया । आपने अपने सभी विषयों मे ए ग्रेड प्राप्त किया है।



प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक

# जीवन और गणित



जीवन का गणित समझना है ।
मुश्किल हो या आसान,
उसे हल करना ही होता है ।

सफलताओं का जोड,
अपयश का घटाना होता है ।

खुशियों का गुणा और
दुख को भाग देना होता है ।

अनन्त जीवन रेखा में,
जन्म मरण, रेखा खण्ड बनाना होता है ।

कर्तव्य मूल के बिन्दु से.
दृष्टिकोण वलय समझना होता है ।

लगा दशमलव संयम का,
चरित्रांक पर शून्य बढाना होता है ।

काल के परकाल पर,
ज्ञान का वृत्त बनाना होता है ।

अज्ञान कोष्ठ के बंध काट,
मान, अज्ञात जो बोध कराना होता है ।

कर्तव्य - भावना सूत्र लगा,
हर हल को पाना होता है ।

**श्रीमती मीना रावले**
कार्या०सहा०वर्ग.1
नगर संभाग पश्चिम



# हमारे गौरव

## नेशनल म्यू-थाई चैंपियनशिप के वाय -कुऊ प्रतियोगिता में कु. कनिष्का को स्वर्ण पदक



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यालय भण्डार वृत्त रायपुर में परिचारक वर्ग. एक के पद पर कार्यरत श्री राजेश्वर श्रीवास की सुपुत्री कु. कनिष्का ने देवास में आयोजित नेशनल म्यू-थाई चैंपियनशिप के वाय -कुऊ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर रायपुर स्थित विवेकानंद मार्शल आर्ट एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया संभवत कनिष्का श्रीवास छत्तीसगढ़ की पहली बालिका है जो वाय-कुऊ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । इसके पूर्व भी 2018 में कनिष्का श्रीवास ने भारत का प्रतिनिधित्व कर रजत पदक प्राप्त कर भारत का नाम रोशन किया था । बधाई...

## सात्विक श्रीवास का चयन

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कार्यपालक निदेशक( मानव संसाधन ) श्री आर. के श्रीवास के सुपुत्र सात्विक अपनी कोडिंग दक्षता की बदौलत बैंगलोर स्थित क्वाइन स्विच कुबेर कंपनी, जो एक ( यूनिकार्न कंपनी ) की इंटर्नशिप कर रहे हैं उन्हें रूपए 80 हजार प्रतिमाह का स्टायपेंड मिल रहा है। सात्विक शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर में कंम्प्यूटर सांईस एवं इंजीनियरिंग में अंतिम वर्ष के छात्र हैं। क्वाइन स्विच कुबेर भारत की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी संचालित करने वाली कंपनी है। सात्विक ने इस यूनिकार्न कंपनी से 36 लाख सालाना पैकज का प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। प्री प्लेसमेंट ऑफर के मुताबिक उन्हें 25 जुलाई 2022 को ज्वाइन करना है।



## सुमन बेहेरा को राष्ट्रीय कला सम्मान



सुमन बेहेरा को कलाकृति आर्ट फाउंडेशन ( राँची, झारखण्ड ) द्वारा राष्ट्रीय कला सम्मान से सम्मानित किया गया है। सुश्री सुमन अधीक्षण अभियंता सिविल (ट्रांसमिशन) कार्यालय , रायपुर में पदस्थ श्री नेहरू बेहरा की सुपुत्री हैं। कु. सुमन को 8 जजों की टीम द्वारा इस सम्मान के लिए चुना गया है। ऑनलाइन पद्धति से आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में विभिन्न प्रदेशों से सौ से भी अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था । सुमन को इससे पहले वर्ष 2020 में " इंडियन आर्ट कांटेस्ट " द्वारा सम्मानित किया गया था। बधाई........

**छत्तीसगढ़ महतारी का चित्र लगाने के निर्देश**

छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पॉवर कंपनी के सभी भवनों / कार्यालयों एवं कार्यक्रमों में भी लगाया जाये। सभी शासकीय कार्यक्रमों के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर श्रद्धापूर्वक पूजन / वंदन/ नमन किया जाये।




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी, डंगनिया, रायपुर

Phone : 0771-2574702 | Website: www.cspc.co.in

# हर नई पीढ़ी दुनिया को बनाती है और बेहतर...

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी नित नए कीर्तिमान हासिल कर रही है। बीते महीने ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने बेहतर तालमेल के साथ बिलासपुर के कानन पेंडारी में आंधी से गिरे 90 फीट ऊंचे टावर को रिकार्ड समय में पुनः खड़ा किया और विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। इस कार्य में उच्च प्रबंधन के निर्देशन में पूरी टीम ने बेहतर कार्यक्षमता का प्रदर्शन किया। इसी तरह जनरेशन कंपनी के गारे- पेलमा कोल माइन को खनन क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए खान सुरक्षा महानिदेशालय भारत सरकार से पुरस्कृत किया गया। वर्ष 2019-20 में तीन एवं वर्ष 2020-21 में चार पुरस्कार जनरेशन कंपनी को प्राप्त हुए।

वैसे तो पॉवर कंपनी के लिए कोल खदान से कोल खनन का कार्य नया अनुभव है। लेकिन जनरेशन कंपनी के 80 कर्मचारियों की टीम के सुपरविजन में गारे पेलमा-III कंपनी लिमिटेड व्दारा कोयला खनन एवं मड़वा संयंत्र तक परिवहन कार्य किया जा रहा है। गारे पेलमा में कुल 629 हेक्टेयर भूमि 30 वर्ष के लिए आबंटित की गई है, जिसमें से वर्तमान में 68 हेक्टेयर में खनन (ओपन कास्ट) चल रही है। उच्च अधिकारियों के निर्देश में कंपनी लगातार क्षमता बढ़ाते जा रही है। गारे पेलमा-III से वर्ष 2019-20 में 5 लाख टन कोल खनन किया गया। 2020-21 में 15.5 लाख टन और वर्ष 2021-22 में 31.5 लाख टन कोल खनन किया गया। इस वर्ष 55 लाख टन कोल खनन करने का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह जनरेशन कंपनी का मड़वा संयंत्र कोल के मामले में आत्मनिर्भर हो चुका है। पॉवर कंपनी की टीम नई ऊर्जा और जज्बे के साथ काम कर रही है। सकारात्मक और आशावादी कार्यसंस्कृति के साथ ही बेहतर माहौल से इसकी प्रेरणा मिलती है। हर परिवर्तन जीवन में नया बदलाव लाती है। यह दर्शाती है कि नई पीढ़ी दुनिया को हमेशा बेहतर बनाती है।



**गोविंद पटेल**
**प्रबंधक (जनसंपर्क)**




▪ **फोटो:** शत्रुहन यादव (ओवरमेन), गारे पेलमा, घरघोड़ा

Design : dhaneshdiwakar@gmail.com